
# मौसम में घुली ठंडक, दिन और रात का पारा गिरा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कल रात अचानक मौसम ने पलटी मारी और शहर के कई इलाकों में तेज बारिश हुई. कई सालों बाद मार्च की गर्मी के बीच बारिश हुई है. बारिश के साथ ही आज दिन का तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक गिर गया. वही बारिश से रात के तापमान में भी 3 डिग्री से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है. मौसम में आज दिनभर ठंडक घुली रही और धूप का तीखापन महसूस नहीं हुआ.**



शहर में पिछले एक पखवाड़े से ज्यादा समय से लगातार गर्मी पड़ रही थी और पारा 38-39 डिग्री तक पहुंच गया था. पिछले तीन चार दिन से पारा सामान्य या उससे कम दर्ज हो रहा था. स्थिति यह हो गई थी कि तापमान में सामान्य से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज हुई. कल शाम अचानक मौसम बदला और रात 8.30 बजे ठंडी हवाएं चलने लगी और आसमान में बादल छा गए. करीब 10.30 बजे के आसपास बूंदाबांदी शुरू हुई जो बाद में तेज बारिश में तब्दील हो गई. गरज चमक के साथ शहर के कई इलाकों में बारिश हुई. इस दौरान कई हिस्सों में बिजली चली गई थी.

### माह के अंत तक होगी तापमान में वृद्धि

आज दिनभर मौसम में ठंडक घुली रही और तापमान सामान्य से 6 डिग्री गिरकर 30.2 दर्ज हुआ. वहीं कल रात का तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया. मौसम के अचानक परिवर्तन होने से गर्मी से राहत मिल गई है. मौसम विशेषज्ञों के अनुसार माह के अंत में तापमान में फिर वृद्धि होगी और पारा 40 पार कर जाएगा.

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में 1 अप्रैल से 76 परीक्षाएं


- ढाई लाख छात्र होंगे शामिल

नवभारत न्यूज

**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय आगामी 1 अप्रैल से 76 विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन करने जा रहा है. इन परीक्षाओं में करीब ढाई लाख विद्यार्थी शामिल होंगे. विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए परीक्षा विभाग, गोपनीय विभाग और कंट्रोल रूम की संयुक्त बैठक आयोजित की.**

बैठक में परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी, सहायक कुलसचिव डॉ. विष्णु नारायण मिश्रा, मोनाली सूर्यवंशी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे. इस दौरान परीक्षा केंद्र निर्धारण, प्रश्न पत्र निर्माण, पर्यवेक्षक नियुक्ति सहित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. अप्रैल अंत तक चलेंगी परीक्षाएंविश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ये परीक्षाएं 1 अप्रैल से शुरू होकर अप्रैल के अंत तक जारी रहेंगी. इनमें स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स के विभिन्न सेमेस्टर शामिल हैं.

**इन कोर्सों की होंगी परीक्षाएं-** परीक्षाओं में एमबीए, एमए, एमकॉम, एमएससी, एमपीएड, बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए सहित कई पाठ्यक्रमों के छात्र शामिल होंगे. विश्वविद्यालय ने सभी कक्षाओं के विस्तृत टाइम टेबल अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं.




### नकल रोकने के सख्त इंतजाम

डीएवीवी प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर नकल रोकने के लिए कड़े प्रबंध करने का निर्णय लिया है. प्रत्येक केंद्र पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं, ताकि परीक्षाएं निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न हो सकें.

## एक नजर में

### लाइमलाइट डायमंड्स ने दूसरा स्टोर किया लॉन्च

इंदौर. लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी ब्रांड, लाइमलाइट डायमंड्स ने इंदौर में एबी रोड पर नया स्टोर लॉन्च कर अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया है. यह नया स्टोर शहर के एमजी रोड स्थित पहले स्टोर को मिले सकारात्मक प्रतिसाद को देखते खोला गया है. स्टोर का उद्घाटन लाइमलाइट डायमंड्स के डायरेक्टर करम चावला और रीजनल पार्टनर शाश्वत जैन की उपस्थिति में ब्रांड की नेतृत्व टीम के साथ किया गया. लाइमलाइट लैब ग्रोन डायमंड्स की फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, पूजा माधवन ने कहा मध्य भारत में अपनी मौजूदगी मज़बूत करने के लिए इंदौर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाज़ार है. शहर में हमारे मौजूदा स्टोर को मिले सकारात्मक प्रतिसाद ने हमें यहां अपनी रिटेल मौजूदगी को और बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है. इंदौर का कस्टमर बेस काफी डायनामिक और एस्पिरेशनल है, जो क्वालिटी, डिज़ाइन और ट्रांसपेरेंसी को महत्व देता है. हम यह भी देख रहे हैं कि आज के ग्राहक कॉन्टेम्परेरी फाइन ज्वेलरी और लैब ग्रोन डायमंड जैसे नए लक्ज़री फॉर्मेट्स को अपनाने के लिए पहले से अधिक खुलापन भी दिखा रहे है. डायरेक्टर, करम चावला ने कहा इंदौर ऐसा मार्केट है जहां ट्रेडिशनल ज्वेलरी की समझ और आधुनिक रिटेल सोच साथ-साथ देखने को मिलती है.

### एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य मेले का आयोजन

इंदौर. एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल इंदौर ने महिलाओं के स्वास्थ्य, कैंसर की प्रारंभिक पहचान के महत्व और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय विमेन हेल्थ मेले का आयोजन किया. इस पहल में शहर भर से महिलाओं ने भाग लिया और स्तन स्वास्थ्य, सर्वाइकल कैंसर जागरूकता, पोषण तथा समग्र स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस आयोजन में 150 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और निवारक स्वास्थ्य उपायों तथा नियमित जांच के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की. विशेषज्ञ डॉक्टरों ने हेल्थ टॉक्स, जागरूकता सत्र और परामर्श के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया. इस अवसर पर एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, इंदौर के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर नितिन बामनिया ने कहा विमेन हेल्थ मेला' जैसी पहलों के माध्यम से हमारा उद्देश्य महिलाओं को आवश्यक जानकारी देकर उन्हें अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और नियमित जांच तथा निवारक देखभाल के लिए प्रेरित करना है.

### तारक मेहता का उल्टा चश्मा में मराठी संस्कृति का उत्सव

इंदौर. वर्षों से, असित कुमार मोदी का 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' केवल एक सिटकॉम से आगे बढ़कर एक सांस्कृतिक घटना बन चुका है, जो गोकुलधाम सोसायटी के जीवंत निवासियों के माध्यम से भारत की विविधता को दर्शाता है. इसकी कहानियों में झलकने वाले कई समुदायों में मराठी संस्कृति विशेष रूप से उभरकर सामने आती है, जो केवल पात्रों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि उनके मूल्यों, भाषा और आत्मीयता के जरिए भी प्रकट होती है. शो के निर्माता और रचयिता असित कुमार मोदी ने कहा, शुरुआत से ही 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के लिए मेरा विज़न एक ऐसा शो बनाने का था जो भारत की असली भावना को दर्शाए- एक ऐसा शो जहां हर संस्कृति, भाषा और परंपरा को रोज़मर्रा के हास्य के माध्यम से सम्मान और स्थान मिले. भिड़े जैसे पात्रों के जरिए मराठी संस्कृति का चित्रण केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह उन मूल्यों का उत्सव है- जैसे अनुशासन, शिक्षा और सामुदायिक भावना- जो हमारे समाज की नींव हैं. मेरा मानना है कि जब लोग अपनी ज़िंदगी, परंपराओं और भाषा को सम्मान के साथ स्क्रीन पर देखते हैं, तो एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव बनता है.

### हितांश का नवोदय विद्यालय में चयन, जिले में दूसरा स्थान



इंदौर. राउ क्षेत्र के रहने वाले छात्र हितांश संजय सनान्से ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है और इंदौर जिले में प्रवेश परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त किया. दिसंबर 2025 में नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस परीक्षा में हितांश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 6 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय में अपना प्रवेश सुनिश्चित किया है. पिता संजय ने बताया कि हितांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, अर्पित नेमा सर, पुष्पांजली नेमा मेडम, किरण देवकर सर, संजय देवकर र, मां और दादी को दिया है.

### स्मार्ट औरा रिंग अब भारत में भी उपलब्ध

इंदौर. स्मार्ट रिंग बनाने वाली कंपनी औरा (ओयूआरए) ने आज अधिकारिक रुप से भारतीय बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की. अब तकनीक-प्रेमी भारतीय ग्राहक औरा रिंग 4 खरीद सकेंगे. यह रिंग क्रोमा स्टोर्स और अमेज़न पर उपलब्ध होगी. उन्नत तकनीक और वैज्ञानिक आधार पर स्वास्थ्य से जुड़ी सटीक जानकारी देने वाली यह स्मार्ट रिंग रोज़मर्रा के उपयोग के लिए डिज़ाइन की गई है. यह स्मार्ट रिंग खास तौर पर भारतीय टेक-सैवी ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है. इसी के साथ औरा ने 'इंडिया द स्टेट ऑफ स्लीप 2026' रिपोर्ट भी जारी की है. यह रिपोर्ट औरा स्मार्ट रिंग का उपयोग करने वाले लाखों भारतीय सदस्यों की नींद के पैटर्न और आदतों के गहन अध्ययन पर आधारित है. रिपोर्ट पर जानकारी देते हुए औरा के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर डग स्विनी ने कहा हमने यह रिपोर्ट यह समझाने के लिए तैयार की है कि भारतीयों की जीवनशैली में सुधार लाने के लिए औरा किस प्रकार सहायक हो सकती है. रिपोर्ट के आँकड़ें बताते हैं कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद अनिवार्य है, लेकिन भारतीयों की व्यस्त और तेज़ जीवनशैली उनकी नींद में खलल डाल रही है.

### एएससीआई की जेन अल्फा पर केंद्रित स्टडी

इंदौर. फ्यूचरब्राण्ड्स कंसल्टिंग के साथ मिलकर एएससीआई एकेडमी ने 'व्हाट द सिग्मा' नाम की एक अनोखी रिसर्च स्टडी जारी की है. यह अध्ययन 7 से 15 साल के बच्चों (जेनरेशन अल्फा) पर केंद्रित है, जिसमें देखा गया है कि वे इस हाइपर-डिजिटल माहौल में मीडिया और कंटेंट से कैसे जुड़ते हैं और कमर्शियल मैसेज को कैसे पहचानते व समझते हैं. एएससीआई एडट्रस्ट समिट 2026 में पेश की गई यह स्टडी छह भारतीय शहरों में की गई गहन रिसर्च पर आधारित है. इसमें घरों में जाकर इंटरव्यू लिए गए और भाई-बहनों व दोस्तों के बीच की बातचीत को समझा गया. साथ ही माता-पिता, शिक्षकों, काउंसलर्स, मनोवैज्ञानिकों, मार्केटर्स और किड-इन्फ्लुएंसर्स के साथ विस्तार से चर्चा की गई. यह स्टडी बच्चों के कंटेंट और विज्ञापनों के साथ जुड़ाव के अलग-अलग पहलुओं की पड़ताल करती है. एएससीआई की सीईओ और सेक्रेटरी जनरलमनीषा कपूरने कहा एएससीआई एकेडमी की स्टडी 'व्हाट द सिग्मा?' जेनरेशन अल्फा की डिजिटल लाइफ की एक जांच है—उन्हें जज करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर ढंग से समझने के लिए.

### एआई प्लस बना दो आईपीएल टीमों का स्मार्टफोन पार्टनर

इंदौर. एआई प्लस स्मार्टफोन ने आज ऐलान किया कि वह आने वाले टी20 सीजन में दो बड़ी टीमों मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स का ऑफिशियल स्मार्टफोन पार्टनर रहेगा. इस साझेदारी के जरिए एआई प्लस स्मार्टफोन भारत के सबसे बड़े और असरदार प्लेटफॉर्म में सीधा जुड़ जाएगा. इससे ब्रांड को देशभर के लाखों क्रिकेट फैंस से सीधे कनेक्ट होने का मौका मिलेगा. फैंस को खास एक्सपीरियंस भी मिलेंगे, जैसे प्लेयर से मिलने का मौका, मैच के टिकट, साइन की हुई मर्चेंडाइज और एआई प्लस स्मार्टफोन से शूट किया गया एक्सक्लूसिव प्लेयर कंटेंट. इस साझेदारी पर एआई प्लस स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटी क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के फाउंडर माधव शेठ ने कहा खेल लोगों को जोड़ने का सबसे बड़ा जरिया है, जहां हर कोई एक जैसा उत्साह और उम्मीद महसूस करता है. मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़कर हमें उन लाखों फैंस तक पहुंचने का मौका मिलेगा, जहां भारत की असली ऊर्जा दिखती है.



# अंतर विश्वविद्यालय जिमनास्टिक प्रतियोगिता में इंदौर के छात्र ने जीता कांस्य पदक

नवभारत न्यूज

**इंदौर. पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जिमनास्टिक पुरुष प्रतियोगिता में इंदौर के छात्र क्रिश गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक अपने नाम किया. उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित हुआ है.**

क्रिश गुप्ता की इस सफलता पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के कुलपति प्रोफेसर राकेश सिंघई, कुलसचिव प्रज्वल खरे, अध्यक्ष कार्यकारी क्रीड़ा मंडल प्रोफेसर अजय कुमार तथा प्रभारी निदेशक शारीरिक शिक्षा डॉ. सुधीर चंदेल ने बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर टीम के साथ प्रबंधक के रूप में प्रमोद खराटे भी उपस्थित थे.

# घरेलू सिलेंडर की हो रही पर्याप्त आपूर्ति

- कलेक्टर ने एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा की

**इंदौर. जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है. कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा विगत 10 दिनों में घरेलू सिलेंडर आपूर्ति एवं प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा हेतु आज रेसिडेंसी कोठी में बैठक आयोजित की गई. बैठक में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन तथा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के सेल्स अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी तथा गैस एजेंसियों के डीलर उपस्थित रहे.**



समीक्षा के दौरान पाया गया कि पिछले 10 दिनों में घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3 लाख 63 हजार गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में एक रिकॉर्ड है. सामान्यत: इसी अवधि में लगभग 2 लाख 60 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति होती है. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों को, जिन्हें कमर्शियल सिलेंडर हेतु विशेष छूट प्रदान की गई है, उनकी आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे. साथ ही एसवी कनेक्शन, गैस बैंक एवं मैनिफोल्ड प्रणाली के अनुरूप ही सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने सभी ऑयल कंपनियों को निर्देशित किया कि हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण हर हाल में 24 घंटे के भीतर किया जाए तथा इसकी दैनिक रिपोर्ट जिला आपूर्ति कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए. बैठक में अवंतिका गैस पाइपलाइन के माध्यम से दिए जा रहे कनेक्शनों की भी समीक्षा की गई. जानकारी दी गई कि पिछले 10 दिनों में लगभग 600 घरेलू एवं 111 कमर्शियल पाइपलाइन कनेक्शन प्रदान किए गए हैं.

### जहां पाइपलाइन वहां प्राथमिकता से कनेक्शन दें

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि जहां-जहां पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां प्राथमिकता से कनेक्शन देकर सिलेंडर निर्भरता कम की जाए. साथ ही आवेदन के एक सप्ताह के भीतर कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया को और तेज किया जाए. आपूर्ति विभाग द्वारा विगत 10 दिनों में 92 प्रकरण दर्ज कर लगभग 300 सिलेंडर जब्त किए गए हैं तथा कुछ मामलों में अभियोजन की कार्रवाई भी की गई है. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए तथा शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए.

# शहर कांग्रेस की 52 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित

- हाईकमान के निर्देशों का सख्ती से पालन
- एक भी महिला नेत्री को स्थान नहीं



अभिजीत | दीपू | लोकेश | प्रवेश | विनोद

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश कांग्रेस ने आज इंदौर शहर कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है. शहर कार्यकारिणी में 52 नेताओं को स्थान दिया गया है. खास बात यह है कि इस बार कार्यकारिणी में वरिष्ठ नेताओं को स्थाई और विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है. विशेष ध्यान देने वाली बात यह है कि कार्यकारिणी में ज्यादातर युवाओं के साथ जातिगत समीकरण का भी ध्यान रखा गया है।वही कमेटी में हाईकमान के निर्देशों की सख्ती साफ नजर आ रही है.**

मध्यप्रदेश कांग्रेस में हाईकमान के निर्देशों का संगठन में सख्ती से पालन शुरू हो गया है. संगठन सृजन अभियान के दौरान ही हाईकमान ने स्पष्ट कर दिया था कि बड़े जिलों और शहरों में 52 और छोटे शहरों में 22 सदस्यीय कमेटी बनेगी. यही कारण है कि इंदौर शहर की कार्यकारिणी में हाईकमान के निर्देश पर 52 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है. शहर कमेटी में 10 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 18 सचिव, कोषाध्यक्ष, दो प्रवक्ता और दो सोशल मीडिया प्रभारी बनाए गए है. कार्यकारिणी में जातिगत समीकरण और वरिष्ठ नेताओं के साथ तालमेल बैठाने पर विशेष ध्यान दिया गया है. कमेटी की सबसे बड़ी और आश्चर्यजनक कमी यह है कि एक भी महिला नेत्री को कार्यकारिणी में स्थान नहीं दिया गया है. कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर प्रवेश यादव, मुकेशपुरी और गोविंद परिहार, गुलाब सोनकर जैसे नेताओं को जगह मिली है. वहीं महामंत्री अभिजीत (बिट्टू) भंवर शर्मा, विनोद चौकसे, मुकेश यादव जैसे युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है. वहीं प्रवक्ता दीपू चौहान और लोकेश हार्डिया को बनाया गया है. दोनों युवा है और शहर के मुद्दों पर जानकारी रखते हैं.

### संगठन की सख्ती का असर

वैसे देखा जाए तो प्रमोद टंडन ने 2008 में शहर कांग्रेस कमेटी घोषित की थी, फिर 2017 में विनय बाकलीवाल ने कार्यकारिणी बनाई थी. यह बात ओर है कि टंडन और बाकलीवाल की कार्यकारिणी जंबो थी, जिसमें हर पद पर 50 से ज्यादा नेताओं की भीड़ थी. शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा बिना कमेटी के अध्यक्ष रहे, जो कमेटी नहीं बना पाए. चिंटू चौकसे, कृपा पंडित के बाद पहले अध्यक्ष है, जिन्होंने कांग्रेस संगठन और नियमों के तहत कार्यकारिणी घोषित बनाई है. यूं कहा जा सकता है कि संगठन की सख्ती का असर कमेटी में साफ नजर आ रहा है. शहर कमेटी में सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि किसी भी महिला को स्थान नहीं दिया गया है.

# नगर निगम का बजट सम्मेलन 28 को

- महापौर करेंगे निगम परिषद का ई बजट प्रस्तुत

इंदौर. सभापति मुन्ना लाल यादव की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम परिषद का बजट सम्मेलन 28 मार्च को प्रात: 11 बजे स्थान श्री अटल बिहारी बाजपेयी परिषद सभागृह अटल सदन निगम मुख्यालय में आयोजित किया गया है. सम्मेलन में निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का ई-बजट महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा. बजट के साथ अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी.

# केसरबाग रेलवे फाटक मरम्मत कार्य के लिए पांच घंटे यातायात के लिए बंद रहेगा

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल अंतर्गत इंदौर-राजेंद्र नगर रेल खंड में स्थित समपार फाटक क्रमांक 253 पर रेलवे ट्रैक का मरम्मत कार्य किया जाएगा. इस कार्य के चलते फाटक से सड़क यातायात बंद रहेगा.**

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, संरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा नियमित अंतराल पर ट्रैक मरम्मत कार्य किया जाता है. इसी क्रम में समपार फाटक क्रमांक 253 पर भी मरम्मत कार्य किया जाना निर्धारित है. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 21 मार्च 2026 को प्रात: 6 बजे से 11 बजे तक समपार फाटक क्रमांक 253 से सड़क यातायात बंद रहेगा. इस अवधि के दौरान केसरबाग रोड ओवर ब्रिज वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपलब्ध रहेगा.



# ईदुलफितर पर खुशी की मजलिस आयोजित

इंदौर. दाऊदी बोहरा समाज ने ईदुलफितर पर खुशी की मजलिस आयोजित की. धर्मगुरु हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन की उम्र दराजी और जल्द इंदौर तशरीफ़ लाने की दुआएं मांगी.

यह जानकारी देते हुए समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि सैफी नगर में जनाब मुस्तनसिर भाईसाहब बिन बहलूल ने खुशी की मजलिस की सदारत की. आपने मजलिस में सभी को ईद की मुबारक देते हुए सभी के हक में दुआएं फ़रमाई. समाज के वरिष्ठ शेख सैफुद्दीन भाई खंबाती, शेख ताहेर भाई सेठजी वाला, युनुस सलीम व ताहेर रतलाम वाला ने जनाब मुस्तनसिर भाईसाहब का सम्मान कर शर्बत पेश किया. सादिक खान व दिलीप राजपाल ने जनाब मुस्तनसिर भाईसाहब को बुके भेंट कर ईद की मुबारकबाद पेश की. इस अवसर पर समाज के अनेक खिदमत गुज़ारो को सैयदना साहब की तरफ से आए विभिन्न टाइटल से सम्मानित किया गया.

**एक नजर में** | वुमंस प्रेस क्लब के शक्ति अवॉर्ड से 40 महिलाएं सम्मानित

# समाज से जोड़ती हैं बोली संस्कृति और भाषा : शुक्ल

**इंदौर. बोलियां हमें हमारी संस्कृति और परम्पराओं से जबकि भाषा समाज और राष्ट्रीयता से जोड़ती है. भारत की विविधता उसकी शक्ति है और भाषाई समृद्धि उसकी पहचान.**



यह बात मप्र उच्च न्यायलय के प्रशासनिक न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला ने कही. श्री शुक्ला वुमंस प्रेस क्लब, म.प्र. के दसवें अवार्ड समारोह 'शक्ति' को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाषा और बोली मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं. भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने विचारों, भावनाओं और अनुभवों को दूसरों तक पहुँचाते हैं, जबकि बोली भाषा का ही स्थानीय रूप होती है, जो किसी विशेष क्षेत्र या समुदाय में प्रचलित होती है. भाषा समाज को एकजुट करती है और संस्कृति को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. इसके माध्यम से ज्ञान का आदान-प्रदान होता है और सभ्यता का विकास संभव होता है. उन्होंने कहा कि भाषा और बोली दोनों ही हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित और विकसित करना आवश्यक है. यदि हम अपनी भाषा और बोलियों का सम्मान करेंगे, तो हमारी पहचान और परंपराएँ भी सुरक्षित रहेंगी। श्री शुक्ला ने महिलाओं के अधिकार एवं महिलाओं के हक में बने कानून के उपयोग-दुरूपयोग पर भी प्रकाश डाला।

जीवन के संघर्ष व अनुभव साझा किए-जाल सभागृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आयोजित टॉक शो में सम्मानित नारी शक्तियों ने अपने जीवन के संघर्ष व अनुभव साझा किए. इस दौरान कई प्रतिभागी भावुक हो उठीं-किसी की आंखों से आंसू छलक पड़े, तो किसी ने रुंधे गले से अपनी जीवन यात्रा सुनाई.

### मनोबल बढ़ाते हैं ऐसे आयोजन

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि म.प्र. लोक सेवा आयोग की सचिव राखी सहाय ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाते हैं तथा उन्हें समाज में और अधिक सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं. कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, पं. योगेंद्र महंत, समाजसेवी डॉ. संध्या चौकसे, समाजसेवी अर्चना जायसवाल एवं एडवोकेट डॉ. पंकज वाधवानी भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे. अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 महिलाओं को स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट कर शक्ति अवार्ड 2026 से सम्मानित किया. प्रारम्भ में अध्यक्ष शीतल रॉय ने वुमंस प्रेस क्लब की गतिविधियों पर प्रकाश डाला. अतिथियों का स्वागत प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी, ऋतु साहू, डॉ. कल्पना सक्सेना एवं सोनाली यादव ने किया. कार्यक्रम का संचालन सुनयना शर्मा ने किया.